# 7 राजस्थान में लोकदेवियाँ

1. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (रियासत– कुलदेवी) सुमेलित नहीं है?
(1) बीकानेर– करणी माता
(2) जोधपुर– नागणेची माता
(3) उदयपुर – बाणमाता
(4) सीकर – शाकम्भरी माता (4)

व्याख्या– सीकर रियासत की कुल देवी जीणमाता है।

2. शीतला माता का मंदिर (चाकसु, जयपुर ग्रामीण) का निर्माण जयपुर के किस शासक ने करवाया था?
(1) माधोसिंह द्वितीय (2) माधोसिंह प्रथम
(3) जयसिंह प्रथम (4) सवाई जयसिंह (2)

व्याख्या– शीतला माता मंदिर का निर्माण सवाई माधोसिंह प्रथम द्वारा शील डूंगरी पर करवाया गया था।

3. शीतला माता का मंदिर (चाकसु, जयपुर ग्रामीण) का निर्माण जयपुर के किस शासक ने करवाया था?
(1) माधोसिंह द्वितीय (2) माधोसिंह प्रथम
(3) जयसिंह प्रथम (4) सवाई जयसिंह (2)

व्याख्या– शीतला माता मंदिर का निर्माण सवाई माधोसिंह प्रथम द्वारा शील डूंगरी पर करवाया गया था।

4. कौनसी देवी 'शिशु रक्षक देवी' कहलाती है?
(1) खोडियार माता (2) कैला माता
(3) कोडिया देवी (4) महामाया/मावली (4)

5. राणी सती का मन्दिर स्थित है?–
(1) झुंझनुँ (2) सीकर (3) चुरू (4) अजमेर (1)

व्याख्या– राणी सती अग्रवालों की कुलदेवी है। झुंझुनू में इनका संगमरमर से बना विशाल मंदिर है। यहाँ इनका मेला भाद्रपद अमावस्या को भरता है।

6. त्रिपुरा सुन्दरी का मन्दिर कहाँ पर है?
(1) तलवाड़ा (बाँसवाड़ा) (2) शाहबाद (बारां)
(3) लवाण (दौसा) (4) गंगधार (झालावाड़) (1)

7. असंगत छांटिये –
(1) भोपा जाति की कुल देवी– विरात्रा माता
(2) ओसवालों की कुल देवी – सच्चियाय माता
(3) सिरवी जाति की कुल देवी– आई माता
(4) कन्जर जाति की कुल देवी– आमजा माता (4)

व्याख्या– कन्जर जाति की कुल देवी चौथ माता (चौथ का बरवाड़ा, सवाईमाधोपुर) हैं। आमजा माता भीलों की कुल देवी है।

8. किस देवी की पीठ की पूजा, पीठ का श्रृंगार व पीठ के दर्शन किये जाते हैं?
(1) अंबिका माता (2) जीणमाता
(3) ब्रह्माणी माता (4) सुंधा माता (3)

व्याख्या–ब्रह्माणी माता मंदिर सौरसेन (बांरा) में स्थित है। यहाँ माघ शुक्ल सप्तमी को मेला भरता है। यहाँ पर गधों का मेला भी भरता है।

9. सुंधा माता का मंदिर कहाँ पर स्थित है ?
(1) भीनमाल (जालौर) (2) पोकरण (जैसलमेर)
(3) ओसियां (जोधपुर ग्रामीण) (4) नाडोल (पाली) (1)

10. किस देवी का मंदिर 'मेवाड़ का खजुराहो' कहलाता है ?
(1) घेवर माता मन्दिर, राजसमंद
(2) अम्बिका मन्दिर, जगत (सलूम्बर)
(3) कालिकामाता मन्दिर, चित्तौड़गढ़
(4) बाण माता मन्दिर, चित्तौड़गढ़ (2)

11. राजस्थान का कौनसा मंदिर 'चूहों का मंदिर' कहलाता है?
(1) जीण माता (2) करणी माता मंदिर
(3) शीतला माता (4) सच्चियाय माता (2)

12. निम्नलिखित में से गलत युग्म को चिन्हित कीजिए–
(1) ज्वाला माता– जोबनेर (जयपुर ग्रामीण)
(2) अधर देवी– आबू पर्वत (सिरोही)
(3) छींछ माता– भवानीपुरा (जयपुर ग्रामीण)
(4) नारायणी माता– बरवां डूँगरी (अलवर) (3)

व्याख्या– छींछ माता का मंदिर बाँसवाड़ा में है।

13. कौनसी देवी 'चूहों की देवी' के रूप में प्रसिद्ध है–
(1) करणी माता (2) केलादेवी
(3) जीणमाता (4) जिलाणी माता (1)

14. जैसलमेर के भाटी शासकों की कुल देवी है?
(1) स्वांगिया माता (2) सुगाली माता
(3) तनोट माता (4) चामुण्डा माता (1)

15. सुमेलित कीजिये –

| रियासत | कुलदेवी |
|---|---|
| (क) बीकानेर | 1. नागणेची माता |
| (ख) जोधपुर | 2. जीण माता |
| (ग) सीकर | 3. करणी माता |
| (घ) करौली | 4. कैला देवी |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (2) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |

(2)

16. विरात्रा माता का मंदिर स्थित है?
(1) तनोट (जैसलमेर) (2) चौहटन (बाड़मेर)
(3) बिलाड़ा (जोधपुर ग्रामीण) (4) पचपदरा (बालोतरा) (2)

व्याख्या– ये देवी भोपों की कुल देवी है। इसकी प्रतिमा की गर्दन टेढ़ी होने के कारण इन्हें 'वांकल माता' भी कहा जाता है। मान्यता है कि वीर विक्रमादित्य एक रात को यहाँ रूका था, इसलिए इसका नाम विरातरा पड़ा। यहाँ एक तरफ पर्वतीय चट्टानें हैं, दूसरी तरफ बालू रेत के विशाल टीले हैं।

Read, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

**17. किस लोकदेवी के मंदिर को 'दरगाह' तथा समाधि स्थल को 'बडेर' कहा जाता है?**
(1) तुरताई माता (2) विरात्रा माता
(3) आई माता (4) आवरी माता (3)

**18. निम्न को सुमेलित कीजिये –**

| लोकदेवी | जिले |
|---|---|
| (क) इडाणा माता | 1. बम्बोरा (सलूम्बर) |
| (ख) ज्वाला माता | 2. जोबनेर (जयपुर ग्रामीण) |
| (ग) त्रिपुरा सुंदरी | 3. तलवाड़ा (बाँसवाड़ा) |
| (घ) ब्राह्मणी माता | 4. सोरसेन (बारां) |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |

(1)

**19. आमेर स्थित शीला देवी मंदिर की प्रतिमा कौनसा शासक लेकर आया था?**
(1) सवाई जयसिंह (2) माधोसिंह द्वितीय
(3) मानसिंह प्रथम (4) ईश्वरी सिंह (3)

**व्याख्या–** आमेर के शासक मानसिंह प्रथम ने पूर्वी बंगाल के शासक केदार से 1604 ई. में यह काले पत्थर की मूर्ति लाकर आमेर के राजभवनों के मध्य स्थापित की थी।

**20. आई माता का मूल नाम है?**
(1) नारायणी बाई (2) जीजी बाई
(3) जयंती बाई (4) रिद्धी बाई (2)

**21. निम्न में से किस लोकदेवी का मुख्य मंदिर बलुचिस्तान (पाकिस्तान) में स्थित हैं?**
(1) हिंगलाज माता (2) तेमड़ाताई
(3) सुगाली माता (4) मरकंडी माता (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में हिंगलाज माता के मंदिर लोद्रवा (जैसलमेर), नारलोई (जयपुर), बिदासर (चुरू) व फतेहपुर (सीकर) आदि कई स्थानों पर हैं। इन सब में लोद्रवा का मंदिर सबसे प्रसिद्ध है।

**22. जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग की नींव किस देवी ने रखी थी?**
(1) नागणेची माता (2) करणी माता
(3) आशापुरा माता (4) चामुण्डा माता (2)

**23. मधुमक्खियों की देवी किसे कहा जाता हैं?**
(1) शीला माता (2) जीण माता
(3) हर्षद माता (4) खलकाणी माता (2)

**व्याख्या–** लोक मान्यता है कि औरंगजेब जब मंदिर मूर्तियाँ तोड़ता हुआ जीण माता मंदिर पहुँचा तो मंदिर से जहरीली मधुमक्खियाँ प्रकट हुई तो मुगल सेना भाग छूटी, तब बादशाह ने देवी से आभा मांगी तब से मंदिर में अखंड ज्योत लिए सवा मण तेल प्रतिमाह दिल्ली से आता था। इसलिए जीणमाता को 'मधुमक्खियों की देवी' भी कहा जाता है।

**24. घटियाली राय का मंदिर कहाँ पर स्थित है?**
(1) जोधपुर (2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर (4) उदयपुर (3)

**व्याख्या–** जैसलमेर में तनोट के पास ही घटियाली माता का मंदिर है, 1965 के भारत–पाक युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों ने इनकी मूर्तियों को खंडित कर दिया था, तभी उनके मुँह से खून निकलना शुरू हो गया था और वे मारे गये। पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा खंडित प्रतिमाएँ आज भी इस मंदिर परिसर में रखी हुई हैं।

**25. गुहिल वंश के शासकों की आराध्य देवी 'कालिका माता' का प्राचीन मंदिर स्थित है?**
(1) उदयपुर (2) कुम्भलगढ़
(3) राजनगर (4) चित्तौड़गढ़ (4)

**व्याख्या–** इस मंदिर का निर्माण 7वीं सदी के अंत में 'मानभंग' नामक राजा ने करवाया था। यह मंदिर मुलतः सुर्य को समर्पित है जिसकी प्रतिमा को मुस्लिम आक्रांताओं ने नष्ट कर दी थी जिसे बाद में महाराणा सज्जनसिंह जीर्णोद्धार करवाकर कालिका माता की मूर्ति स्थापित करवायी।

**26. चित्तौड़ दुर्ग में बिरवड़ी माता का मंदिर 'अन्नपूर्णा माता' के नाम से किस शासक ने बनवाया था?**
(1) लाखा (2) कुम्भा (3) मोकल (4) हम्मीर (4)

**व्याख्या–** बिरवड़ी माता के इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवा कर हम्मीर ने इसे 'अन्नपूर्णा माता' के नाम से इनका नामकरण कर दिया था। माना जाता है कि इस देवी ने हम्मीर को चित्तौड़ विजय का आशीर्वाद दिया था।

**27. ब्रह्माणी माता का मंदिर स्थित है?**
(1) सोरसेन (बारां) (2) जोबनेर (जयपुर ग्रामीण)
(3) संथूर (बूंदी) (4) पहाड़ी (डीग) (1)

**व्याख्या–** इस मंदिर में देवी के पीठ का श्रृंगार व पीठ की पूजा की जाती है। यहाँ माघ शुक्ल सप्तमी को मेला आयोजित होता है। यहाँ पर गधों का मेला भी भरता है।


**28. किस लोकदेवी ने 11 नियम बनाये थे, आज भी उनके अनुयायी उन 11 नियमों का पालन करते हुये हाथ या गले में 11 गांठो वाली बेल बाँधते है?**
(1) आई माता (2) जीण माता
(3) करणी माता (4) हिंगलाज देवी (1)

**29. राजस्थान में आई माता का मुख्य मंदिर स्थित है?**
(1) लोद्रवा (जैसलमेर) (2) बिलाड़ा (जोधपुर ग्रामीण)
(3) तनोट (जैसलमेर) (4) ओसियां (जोधपुर ग्रामीण) (2)

**30. करौली में कैला देवी मंदिर का निर्माण किसने करवाया था ?**
(1) मदन सिंह (2) गोपाल सिंह
(3) जय सिंह (4) उदयभान सिंह (2)

**व्याख्या–** इस मंदिर का निर्माण 1900 ई. में करौली के महाराजा गोपाल सिंह ने करवाया। इसके मंदिर में दो मुर्तियाँ हैं दाहिनी तरफ कैला देवी की मूर्ति है जिन्हें लक्ष्मी नाम से भी जाना जाता है। बांयी तरफ चामुण्डा माता की मूर्ति है।

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।